PLANET NEWS INDIA
Follow us on:/
सोमवार 04 मई 2026




# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ

RNI No.- UPHIN/25/A4228
भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

## Aligarh में आज-कल आंधी के साथ तेज बारिश के आसार



Aligarh में मौसम ने अचानक करवट ले ली है। मौसम विज्ञान विभाग ने सोमवार और मंगलवार को आंधी के साथ तेज बारिश की संभावना जताते हुए यलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार 4 और 5 मई को गरज-चमक के साथ बारिश होगी और तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी। रविवार को अधिकतम तापमान 35.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 23 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। 4 मई को अधिकतम 34 और न्यूनतम 24 डिग्री सेल्सियस, जबकि 5 मई को अधिकतम 32 और न्यूनतम 23 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। 6 से 9 मई तक भी हल्की बारिश और बादल छाए रहने की संभावना है। मई के पहले सप्ताह में इस तरह का मौसम परिवर्तन विशेषज्ञों को भी हैरान कर रहा है। बारिश से बाजरा, मूंग, उड़द, मक्का और ढेंचा जैसी फसलों को फायदा मिलेगा और किसानों को सिंचाई से राहत मिलेगी, हालांकि तेज हवाओं से मक्का और आम की फसल को नुकसान पहुंच सकता है। Aligarh Muslim University के भूगोल विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अहमद मुज्तबा सिद्दीकी के अनुसार मई में तापमान में गिरावट से मानसून के आगमन पर असर पड़ सकता है, क्योंकि उत्तरी भारत में कम दबाव का क्षेत्र बनना मानसून के लिए जरूरी होता है। फिलहाल प्रशासन ने लोगों को आंधी और बिजली कड़कने के दौरान सावधानी बरतने की सलाह दी है।

## Aligarh के बरला कस्बे में तलाकशुदा युवती ने मायके में लगाई फांसी



अलीगढ़ के बरला कस्बे में रविवार सुबह 26 वर्षीय तलाकशुदा युवती ने अपने मायके में फंदा लगाकर जान दे दी। घटना के समय घर में कोई परिजन मौजूद नहीं था। जानकारी के अनुसार गांव में परचून की दुकान चलाने वाले सोनू गुप्ता की बेटी शिवानी की शादी करीब पांच वर्ष पहले दिल्ली में हुई थी, लेकिन वैवाहिक विवाद के चलते उसका तलाक हो गया था। इसके बाद वह मायके में रह रही थी। बताया जा रहा है कि शिवानी ने घर की दूसरी मंजिल पर लगे लोहे के जाल में धोती बांधकर फांसी लगा ली, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों के अनुसार वह पिछले कुछ दिनों से मानसिक रूप से परेशान थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसएसआई योगेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## Aligarh College of Nursing में छात्राओं का प्रदर्शन

### मान्यता और रिश्वत के आरोपों से मचा हड़कंप







(Aligarh) के **अलीगढ़ कॉलेज ऑफ नर्सिंग** में छात्राओं ने प्रदर्शन किया। उनका आरोप है कि उनकी मार्कशीट में **Indian Nursing Council (INC)** की मान्यता दर्ज नहीं है, जिससे उनके करियर पर असर पड़ सकता है। छात्राओं ने एडमिशन के दौरान गुमराह करने और परीक्षा पास कराने के नाम पर पैसों की मांग जैसे गंभीर आरोप भी लगाए। **Akhil Bharatiya Vidyarthi Parishad (एबीवीपी)** ने मामले की जांच की मांग की है। प्रशासन ने शिकायतों की जांच कराने की बात कही है, जबकि छात्राएं समाधान होने तक प्रदर्शन जारी रखने पर अड़ी हैं।

## Aligarh Muslim University परिसर में जबरन घुसी कार

### शिक्षक समेत तीन पर मुकदमा दर्ज



Aligarh के एएमयू परिसर में 2 मई की रात करीब 10:30 बजे तेज रफ्तार से “भारत सरकार” लिखी कार घुसने और छात्रों से मारपीट के मामले में एक शिक्षक समेत तीन लोगों के खिलाफ थाना सिविल लाइंस में रिपोर्ट दर्ज की गई है। जानकारी के अनुसार कार आर्ट्स फैकल्टी के पास कुछ छात्रों से टकरा गई। छात्रों ने विरोध किया तो कार सवारों ने बाहर निकलकर कथित तौर पर बेसबॉल बैट निकाल लिए और छात्रों को धमकाते हुए मारपीट की। छात्रों का आरोप है कि कार के अंदर शराब और बीयर की बोतलें पड़ी थीं। घटना के बाद परिसर में आक्रोश फैल गया। एएमयू की प्रॉक्टर टीम मौके पर पहुंची और तीनों को पकड़कर प्रॉक्टर ऑफिस ले गई। पूछताछ में पता चला कि कार चला रहा युवक केंद्रीय विद्यालय में असिस्टेंट लाइब्रेरियन है, जबकि दो अन्य 12वीं के छात्र बताए गए हैं। सीओ सिविल लाइंस सर्वम सिंह के अनुसार छात्र की तहरीर पर तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## Achal Sarovar का लोकार्पण आज

### शहर को मिलेगी नई सौगात



Aligarh की ऐतिहासिक और धार्मिक पहचान माने जाने वाले अचल सरोवर का स्वरूप अब पूरी तरह बदल चुका है। कभी उपेक्षा और गंदगी का शिकार रहा यह पौराणिक स्थल अब स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होकर तैयार है। करीब 22 करोड़ रुपये की लागत से हुए विकास कार्यों के बाद मंगलवार को इसका लोकार्पण कर इसे जनता को समर्पित किया जाएगा। परियोजना के अंतर्गत सरोवर की सफाई, सुंदरीकरण, प्रकाश व्यवस्था, वॉकिंग ट्रैक, बैठने की व्यवस्था, रेलिंग, ग्रीन एरिया, सेल्फी प्वाइंट और आकर्षक लाइटिंग की गई है। सार्वजनिक शौचालय, पार्किंग, सीसीटीवी कैमरे, बच्चों के लिए ओपन स्पेस और सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए विशेष स्थान भी विकसित किए गए हैं। रात में रंग-बिरंगी रोशनी से सजा अचल ताल अब शहर का नया आकर्षण बन गया है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार द्वापर युग में भगवान श्रीकृष्ण और बलराम यहां आए थे। अचलेश्वर धाम, श्री गिलहराजजी मंदिर, श्री गणेश मंदिर समेत करीब 100 मंदिरों की मौजूदगी इसे धार्मिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण बनाती है। रामलीला के दौरान सरयू पार की ऐतिहासिक लीला का मंचन भी यहीं होता है। नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा के अनुसार अचल सरोवर को धार्मिक स्थल के साथ-साथ प्रमुख पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने का लक्ष्य है। नियमित सफाई, रखरखाव और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, ताकि शहरवासियों और पर्यटकों को एक बेहतर सार्वजनिक स्थल मिल सके।

# Aaj Ka Rashifal 4 May:

## इन चार राशि वालों को मिलेगा भाग्य का अच्छा साथ, करियर-कारोबार में मिलेंगे नए अवसर

4 May Ka Rashifal: आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 4 मई 2026 का राशिफल।सोमवार, 4 मई को ग्रहों-नक्षत्रों के योग से कई तरह के शुभ संयोगों का निर्माण होने जा रहा है। भाग्य का अच्छा साथ मिलेंगे जिससे आपके सभी तरह के कार्यों में आ रही बाधाएं दूर होंगी। मित्रों और सगे संबंधियों का अच्छा साथ मिलेगा।





### मेष

आज का दिन आपको सिखाएगा कि असली ताकत संतुलन में होती है। काम में आपको सहयोग भी मिलेगा और दबाव भी। यानी मेहनत करनी पड़ेगी, लेकिन उसका फल भी मिलेगा। व्यापार में खासकर लोहे या बिल्डिंग से जुड़े काम में बढ़िया लाभ दिख रहा है। लेकिन खर्च अचानक बढ़ सकते हैं, इसलिए थोड़ा संभलकर चलें। रिश्तों में गुस्सा आपके लिए नुकसानदेह हो सकता है। शब्दों पर कंट्रोल रखें। प्रेम जीवन आपको भावनात्मक सहारा देगा, लेकिन बच्चों की सेहत और अपनी कफ से जुड़ी परेशानी को नजरअंदाज न करें।



### वृषभ

आज का दिन आपको सुकून और खुशी देने आया है। घर में प्यार और तालमेल बना रहेगा और जीवनसाथी के साथ खूबसूरत पल बिताने का मौका मिल सकता है। अगर कोई मनमुटाव था, तो आज उसे खत्म करने का सही समय है। ससुराल पक्ष से भी खुशखबरी मिल सकती है। नौकरी में आपकी मेहनत रंग लाएगी और सम्मान बढ़ेगा। पैसा आएगा, लेकिन खर्च भी साथ-साथ चलेगा। खासकर अगर शुगर की समस्या है तो खानपान पर ध्यान दें।



### मिथुन

आज आपके लिए राहत भरा दिन है। पुराने अधूरे काम पूरे होने से मन हल्का महसूस करेगा। ऑफिस में साथियों का सपोर्ट मिलेगा, लेकिन काम का दबाव थोड़ा मानसिक तनाव दे सकता है। परिवार में कोई अच्छी खबर दिल खुश कर देगी। जीवनसाथी और बच्चों से प्यार और सहयोग मिलेगा। बस मां की सेहत को लेकर थोड़ी सावधानी रखें। सांस से जुड़ी समस्या है तो आज लापरवाही बिल्कुल न करें।



### कर्क

आज आपका मन थोड़ा उलझा हुआ रह सकता है। काम में चुनौतियां आएंगी, लेकिन धैर्य और समझदारी से आप सब संभाल सकते हैं। सरकारी कामों में रुकावट आ सकती है। घर में जीवनसाथी से किसी बात पर तकरार हो सकती है, इसलिए शांत रहना ही बेहतर है। मां की सेहत चिंता बढ़ा सकती है। यात्रा के योग बन रहे हैं। सर्दी-जुकाम से बचाव रखें और खुद को मानसिक रूप से शांत रखने की कोशिश करें। प्रेम जीवन में थोड़ी राहत जरूर मिलेगी।



### सिंह

आज आपका दिन चमकने वाला है। काम में सफलता मिलेगी और अधिकारी भी आपकी तारीफ करेंगे। रुके हुए काम पूरे होंगे और व्यापार में अच्छा लाभ मिलेगा। खासतौर पर धातु से जुड़े काम में। राजनीति या संपर्कों से भी फायदा मिलेगा। परिवार में बड़ों का आशीर्वाद मिलेगा और जीवनसाथी के साथ खूबसूरत पल बिताने का मौका मिलेगा। दोस्तों के साथ मजेदार समय और अच्छा खाना दिन को यादगार बना देगा। बस ब्लड प्रेशर का ध्यान रखें।



### कन्या

आज किस्मत आपके साथ है। सेहत में सुधार होगा और आप खुद को पहले से ज्यादा ऊर्जावान महसूस करेंगे। नौकरी में आपका प्रदर्शन शानदार रहेगा और सम्मान भी मिलेगा। कोर्ट-कचहरी के मामलों में राहत मिल सकती है। पैसे से जुड़े कामों और विदेशी मामलों में भी सफलता मिलेगी। घर में भाई-बहनों के साथ प्यार बढ़ेगा। वैवाहिक जीवन में भी मिठास बनी रहेगी। बस गुस्से और नसों से जुड़ी समस्या को नजरअंदाज न करें।



### तुला

आज आपके लिए पॉजिटिव बदलावों का दिन है। पैसा आएगा और काम भी आसानी से चलता रहेगा। आपकी बातचीत की कला आज आपको दूसरों से आगे ले जाएगी। पढ़ाई और करियर दोनों में अच्छे परिणाम मिल सकते हैं। किसी पुराने संपर्क से मदद मिलेगी। वाहन या सुख-सुविधाओं की प्राप्ति भी हो सकती है। परिवार के साथ अच्छा समय और स्वादिष्ट भोजन दिन को और खास बना देगा। सेहत भी साथ देगी।



### वृश्चिक

आज आपके लिए सफलता और सम्मान दोनों इंतजार कर रहे हैं। नौकरी की तलाश कर रहे हैं तो खुशखबरी मिल सकती है। पुराना पैसा वापस आ सकता है। दोस्तों और खासकर महिला सहकर्मियों से सहयोग मिलेगा। परिवार के साथ अच्छा समय बिताने का मौका मिलेगा। प्रेम जीवन रोमांटिक रहेगा, लेकिन शादीशुदा जीवन में गुस्से पर कंट्रोल जरूरी है। खानपान का ध्यान रखें, खासकर अगर पाचन से जुड़ी समस्या है।



### धनु

आज का दिन अच्छा है, लेकिन आपका गुस्सा सब बिगाड़ सकता है। इसे संभालना ही आपकी जीत है। काम में आपकी प्लानिंग और मेहनत आपको आगे ले जाएगी। शिक्षा और ज्ञान से जुड़े लोगों के लिए दिन शानदार है। पैसा और सम्मान दोनों मिलेंगे। परिवार में तालमेल बना रहेगा और अच्छा खाना मूड को और बेहतर करेगा। बस कमर और पीठ दर्द को हल्के में न लें।



### मकर

आज किस्मत आपका साथ देने के लिए तैयार है। पैसे का लाभ होगा और रुके हुए काम भी पूरे हो सकते हैं। नौकरी में आपका रुतबा बढ़ेगा और पुराना पैसा वापस मिलने के संकेत हैं। दोस्तों के साथ अच्छा समय और किसी करीबी से मुलाकात खुशी देगी। लेकिन पिता की सेहत चिंता का कारण बन सकती है। शादीशुदा जीवन में पुरानी बातों को उखाड़ने से बचें। सेहत के लिए मौसम के हिसाब से चलना जरूरी है।



### कुंभ

आज का दिन आपको बैलेंस सिखाएगा। कमाई भी होगी और खर्च भी। सरकारी योजनाओं से फायदा मिल सकता है, लेकिन कानूनी मामलों में सावधानी जरूरी है। यात्रा में सतर्क रहें। किसी करीबी की वजह से मन थोड़ा उदास हो सकता है। जीवनसाथी की सेहत चिंता बढ़ा सकती है। पुराने दोस्त से मुलाकात सुकून देगी। वाहन या इलेक्ट्रॉनिक चीजों पर खर्च हो सकता है। पेट और कफ से जुड़ी समस्या से बचें।



### मीन

आज का दिन आपके लिए खास है। गुरु की कृपा आपके साथ है। काम में माहौल अनुकूल रहेगा और आपका सम्मान बढ़ेगा। दोस्त की मदद से कोई जरूरी काम पूरा होगा। नया काम शुरू करने के संकेत हैं। पुराना पैसा वापस आ सकता है। जमीन-जायदाद से जुड़े मामलों में सफलता मिलेगी। परिवार से सुख मिलेगा और आप धार्मिक या पुण्य कार्यों में भी रुचि लेंगे। बस सेहत को नजरअंदाज न करें। खासकर पेट से जुड़ी समस्या का ध्यान रखें।

# झपकी बनी काल: जालौन में भीषण सड़क हादसा,

## छह की मौत; चार गंभीर रूप से घायल



यूपी के जालौन जिले में भीषण सड़क हादसा है। दुर्घटना में छह लोगों की जान चली गई जबकि चार लोग घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई।जालौन जनपद के कालपी कोतवाली क्षेत्र में सोमवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में छह लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा जोल्हुपुर मोड़ के पास हुआ, जहां अयोध्या से उरई लौट रही एक कार चालक को झपकी आने से अनियंत्रित होकर आगे चल रहे वाहन से जा भिड़ी।मिली जानकारी के अनुसार, ललितपुर जनपद के महरौनी निवासी शशिकांत तिवारी अपने परिजनों के साथ अयोध्या दर्शन करने गए थे। दर्शन के बाद सभी लोग कार से वापस लौट रहे थे। सोमवार सुबह करीब 6 बजे जैसे ही उनकी कार कालपी क्षेत्र के जोल्हुपुर मोड़ के पास पहुंची, चालक को अचानक झपकी आ गई, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर सामने चल रहे वाहन से टकरा गया।टक्कर इतनी भीषण थी कि चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि हादसे के बाद घायलों को बाहर निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। कुछ घायल करीब एक घंटे तक कार के केबिन में फंसे रहे, जिन्हें स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से बाहर निकाला गया। कार में कुल 10 लोग सवार थे, जिनमें शशिकांत तिवारी, कृष्णकांत, दीपक तिवारी, हरिमोहन तिवारी, भूषण तिवारी, अंशुल तिवारी, स्वामी प्रसाद तिवारी, मनोज और देशराज शामिल बताए जा रहे हैं। सभी एक ही परिवार के सदस्य बताए जा रहे हैं। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही कालपी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।घायलों को लेकर एम्बुलेंस मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी के बाहर पहुंची, लेकिन मरीज को उतारने के लिए वहां पर कोई भी वार्ड बॉय नहीं नहीं था।

# यूपी:ठंडा रहेगा ज्येष्ठ महीने का पहला हफ्ता

## चार मई से फिर सक्रिय होगा पश्चिमी विक्षोभ; लुढ़का प्रदेश का पारा



मई लगने के साथ ही प्रदेश के मौसम में बड़ा बदलाव हुआ है। चार मई से एक बार एक और विक्षोभ सक्रिय होने से बरसात की संभावना बढ़ गई है।उत्तर प्रदेश में पिछले तीन दिनों से जारी बूंदाबांदी और तेज हवाओं के असर से शुक्रवार को तापमान में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई। कई क्षेत्रों में दिनभर ठंडी हवाएं चलती रहीं, जिससे मई का पहला दिन सुहावना रहा। गोरखपुर में अधिकतम तापमान 26.4 डिग्री और बलिया में 27.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से काफी कम है और प्रेक्षण इतिहास में क्रमश: तीसरा व पांचवां सबसे कम स्तर रहा। प्रदेश के करीब 15 जिलों में अधिकतम तापमान 30 से 32 डिग्री के बीच रहा। उरई 41.6 डिग्री के साथ सबसे गर्म रहा, जबकि हरदोई में 17 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे ठंडी रात दर्ज की गई।पिछले 24 घंटों में कन्नौज में 54 मिमी, बलरामपुर में 52.6 मिमी, लखीमपुर खीरी में 51.8 मिमी, बरेली में 29 मिमी और गोरखपुर में 23.8 मिमी वर्षा हुई।आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र, लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार, अगले दो दिन मौसम शुष्क रहेगा और धूप निकलने से तापमान में 6 से 8 डिग्री तक बढ़ोतरी होगी। चार मई से नया विक्षोभ सक्रिय होने पर फिर आंधी-बारिश की संभावना है। उन्होंने बताया कि मई में तराई क्षेत्रों में लू के दिन सामान्य से अधिक रह सकते हैं। राजधानी में मई की शुरुआत सुहाने मौसम से हुई है। शुक्रवार को दिन चढ़ने के साथ धूप तो खिली, लेकिन तपिश नदारद रही। सुबह शाम की हवा में ठंडक सी घुली रही। मौसम विभाग का कहना है

# राजा शिवाजी' के लिए कैसा बीता रविवार




रितेश देशमुख की मल्टीस्टारर बड़े बजट की फिल्म 'राजा शिवाजी' ने अपनी शुरुआत अच्छी की थी। फिल्म को क्रिटिक्स से भी अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। अब फिल्म की रविवार की कमाई भी सामने आई है। सैकनिल्क के मुताबिक, 'राजा शिवाजी' ने रविवार को अपने तीसरे दिन 12 करोड़ रुपए की कमाई की है। ये तीन दिनों में उसकी सबसे अधिक कमाई है। इस तरह से तीन दिनों में 'राजा शिवाजी' का कुल कलेक्शन 33.90 करोड़ रुपए तक पहुंच चुका है।राजा शिवाजी के साथ ही आमिर खान प्रोडक्शन हाउस की फिल्म 'एक दिन' भी बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हुई थी। हालांकि, 'एक दिन' शुरुआत से ही बॉक्स ऑफिस पर संघर्ष कर रही है। अपने पहले दिन सिर्फ 1.37 करोड़ रुपए की कमाई करने वाली 'एक दिन' ने दूसरे दिन शनिवार को 1.20 करोड़ रुपए की कमाई की। जबकि तीसरे दिन रविवार को फिल्म का कलेक्शन 1.96 करोड़ रुपए रहा। इस तरह से शुरुआती तीन दिनों में जुनैद खान और साई पल्लवी की 'एक दिन' सिर्फ 3.85 करोड़ रुपए ही जुटा पाई

# क्या शादी करने वाले हैं 67 साल के मुकेश खन्ना



द फिल्मी चर्चा के साथ बातचीत में मुकेश खन्ना ने बताया कि उन्होंने शादी की संभावना को पूरी तरह से नकारा नहीं है। उनका मानना है कि जब किस्मत चाहेगी तब शादी होगी। रिश्तों के बारे में कहा, 'अगर आपकी शादी हो गई है, तो आप कमिटेड हैं। लोग कहते हैं कि एक औरत को 'पतिव्रता' होना चाहिए। मगर क्या किसी ने कभी यह कहा है कि एक मर्द को भी 'पत्नीव्रता' होना चाहिए? मैं कहता हूं कि दो आत्माओं का मिलन हुआ है। मगर लोग इस बात पर यकीन नहीं करते। वे कहते हैं, 'मैं अपनी पत्नी से प्यार करता हूं।' फिर भी वह इधर-उधर भटकते रहते हैं। यह धोखा है।भले ही उन्होंने कभी शादी नहीं की, लेकिन वह शादी के विचार का सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा, 'ज्यादातर लोगों के मुकाबले, मैं शादी में कहीं ज्यादा यकीन रखता हूं। लोगों को लगता है कि अगर आपने शादी नहीं की है, तो आप शादी में यकीन नहीं रखते। लेकिन यह सच नहीं है।'

# मां बनने के बाद कटरीना कैफ की पहली पब्लिक अपीयरेंस





कटरीना कैफ पिछले काफी वक्त से लाइमलाइट से दूर हैं। उन्होंने पिछले साल अपने बेटे को जन्म दिया है। अब बेटे के जन्म के बाद पहली बार कटरीना कैफ सार्वजनिक रूप से सामने आई हैं। पति विक्की कौशल के साथ कटरीना को बीती रात एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया। पेरेंट्स बनने के बाद पहली बार ये कपल साथ में नजर आया है। दोनों को साथ में देखकर फैंस काफी उत्साहित हो गए, कपल ने भी पैप्स को रुक कर पोज दिए।पिता बनने के बाद विक्की कौशल कई इवेंट्स में और सार्वजनिक रूप से भी नजर आए हैं। लेकिन कटरीना बेटे को जन्म देने के बाद से लाइमलाइट से दूर हैं। अब पहली बार कपल माता-पिता बनने के बाद सार्वजनिक रूप से सामने आए हैं। एयरपोर्ट पर दोनों को स्पॉट किया गया, जहां दोनों ने पैपराजी के लिए खुशी-खुशी पोज दिया और बेहद सहज और स्टाइलिश लग रहे थे।विक्की ने काले रंग की टी-शर्ट और मैचिंग जींस पहनी थी, जिसके ऊपर उन्होंने भूरे रंग की जैकेट डाली थी। कैटरीना काले रंग के आउटफिट में बेहद खूबसूरत लग रही थींजिसे उन्होंने ओवरकोट और स्टाइलिश काले सनग्लासेस के साथ पूरा किया था।

# जान्हवी कपूर ने सुनाया किस्सा, बताया बुरी आदत से कैसे छुड़ाया पीछा



राज शमानी के साथ बातचीत में जान्हवी कपूर ने माना कि जब वह मुश्किल दौर में थीं तो वह शराब पीने लगी थीं। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें इसकी लत नहीं लगी थी। जान्हवी ने कहा 'मैं यह नहीं कहूंगी कि मुझे लत लग गई थी, मगर मैं अक्सर शराब पी रही थी। यह मेरी जिंदगी के एक बहुत ही दुखद अनुभव के बाद हुआ था। मुझे लगा कि मुझे बस नशे में डूब जाना है।'शराब के नुकसान को लेकर उन्होंने कहा 'शराब पीकर मेरे शरीर के साथ जो हो रहा था वह मुझे पसंद नहीं आया। मुझे यह भी पसंद नहीं आया कि जब मैं सुबह उठती थी तो अजीब महसूस होता था। हैंगओवर का वह एहसास, मुझे उससे बहुत नफरत होती थी। यह बहुत अजीब था। मुझे अपने आप से एक ऐसी बदबू आती थी, जो नशे की लत वाले इंसान की बदबू से बहुत मिलती-जुलती थी।'जान्हवी कपूर ने माना कि शराब पीने के बाद उनके बदन से जो बदबू आ रही थी, उसने उन्हें सोचने पर मजबूर किया। उन्होंने सोचा कि एक नाजुक दौर में वह अपनी जिंदगी में किन चीजों को आने दे रही थीं। इसके बाद उन्होंने शराब छोड़ दी।काम की बात करें तो, जान्हवी कपूर आखिरी बार फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' में नजर आईं थीं अगली बार वह राम चरण के साथ फिल्म 'पेद्दी' में नजर आएंगी। यह फिल्म 6 जून, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।



# Loan Prepayment:

## लोन प्री-पेमेंट पर क्या हैं आरबीआई के नियम? जानें कब बैंक नहीं वसूल सकते आपसे जुर्माना




### फ्लोटिंग रेट लोन: पूरी तरह फ्री

भारतीय रिजर्व बैंक के 5 जून 2012 को जारी एक सर्कुलर के अनुसार, बैंकों और एनबीएफसी को व्यक्तिगत कर्जदारों को दी गई फ्लोटिंग ब्याज दर वाले होम लोन पर फोरक्लोजर शुल्क या प्री-पेमेंट पेनाल्टी वसूलने की अनुमति नहीं है।अगर आपका लोन फ्लोटिंग इंटरेस्ट रेट पर है, तो आप उसे कभी भी समय से पहले चुका सकते हैं। यह नियम उन सभी फ्लोटिंग रेट लोन्स पर लागू होता है जो व्यक्तिगत उद्देश्यों के लिए लिए गए हैं। 1 जनवरी, 2026 से लागू नए नियम कहते हैं, व्यक्तियों और एमएसएमई को दिए गए फ्लोटिंग रेट व्यावसायिक ऋणों पर बैंक प्री-पेमेंट शुल्क नहीं वसूल सकते। स्मॉल फाइनेंस बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक और एनबीएफसी-एमएल 50 लाख रुपये तक के ऋण लगा सकते।

अक्सर लोग अपना लोन जल्दी खत्म करना चाहते हैं, ताकि ब्याज का बोझ कम हो सके। लेकिन बैंक 'प्रीपेमेंट पेनाल्टी' का डर दिखाकर ग्राहकों को रोकते हैं। आरबीआई के नियम यहां आपकी मदद करते हैं। लोन लेना आपकी जरूरत हो सकती है, लेकिन उसे समय से पहले चुकाना आपकी समझदारी है और आरबीआई यह सुनिश्चित करता है कि बैंक आपकी इस समझदारी पर अनुचित लगाम न लगाएं। प्री-पेमेंट चार्ज, जिसे फोरक्लोजर चार्ज भी कहते हैं, वह शुल्क है, जो बैंकों या एनबीएफसी की ओर से तब लगाया जाता है, जब कोई कर्जदार ऋण की तय अवधि समाप्त होने से पहले आंशिक या पूर्ण रूप से ऋण का भुगतान कर देता है। अगर कोई कर्जदार कर्ज को जल्दी चुका देता है, तो बैंकों को भविष्य में होने वाली ब्याज आय का नुकसान होता है। इसकी भरपाई के लिए बैंक प्री-पेमेंट शुल्क लेते हैं।ड्यूज सर्टिफिकेट' लेना कभी न भूलें।

# क्या आप भी हैं ऐसी ही उलझन में?:

## पहली नौकरी के साथ कैसे करें भविष्य की प्लानिंग, जानें निवेश का सही तरीका



### सबसे पहले इमरजेंसी फंड बनाएं

किसी भी निवेश से पहले आपातकालीन फंड बनाना जरूरी है। इसका लक्ष्य 6 महीने के अनिवार्य खर्च को पूरा करना है। इसके लिए SIP के जरिये हर महीने 5,000 रुपये लिक्विड म्यूचुअल फंड में लगाने चाहिए। इसे अपने बैंक खाते के बैकअप के रूप में रखें। यह नौकरी बदलने, मेडिकल इमरजेंसी या अचानक आए खर्चों में काम आएगा। बहन अभी 12वीं में है, उसकी ग्रेजुएशन और कोचिंग के लिए 5,00,000 रुपये की जरूरत होगी। इस राशि को इकट्ठा करने के लिए आपके पास 2 साल का वक्त है। इसके लिए आपको 10,000 रुपये की SIP शॉर्ट ड्यूरेशन डेट फंड और बैंक एफडी में रखना चाहिए। कम समय सीमा होने के कारण इक्विटी से बचें। कोई भी बोनस या एरियर मिलने पर उसे इस फंड में जमा करें। अगले 6 साल में 10 लाख की कार खरीदने के लिए 40% डाउन पेमेंट की जरूरत होगी। इसके लिए हर महीने SIP के जरिये 4,000 रुपये इक्विटी म्यूचुअल फंड (फ्लेक्सी-कैप/लार्ज-कैप) में जमा करें। 2 साल बाद जब बहन की शिक्षा के लिए चल रही 10,000 की SIP पूरी हो जाए, तो उस राशि को इस लक्ष्य की ओर मोड़ दें। शादियों के खर्च में सालाना 8% की बढ़ोतरी को ध्यान में रखते हुए बजट 20 लाख रुपये होगा। इसकी समय सीमा 6 साल है। इसलिए 20,000 की SIP इक्विटी म्यूचुअल फंड में शुरू करें। SIP में हर साल 10% की बढ़ोतरी जरूर करें। अभिषेक को 8 साल बाद शादी करना है। इसके लिए 20 लाख रुपये की जरूरत होगी।

पहली नौकरी के साथ वित्तीय लक्ष्यों को पूरा करने के लिए सही निवेश रणनीति जरूरी है। विशेषज्ञ अभिषेक के उदाहरण से समझें कि कैसे एसआईपी (SIP) के जरिए बहन की पढ़ाई, शादी और घर-कार का सपना सच किया जा सकता है। अक्सर पहली नौकरी का उत्साह फिजूलखर्ची की ओर ले जाता है। लेकिन 24 साल के अभिषेक सिंह के सपने और जिम्मेदारियों ने उसे फिजूलखर्च करने से रोक रखा है। जनवरी में एक सरकारी बैंक में अधिकारी के रूप में मुंबई में पदभार ग्रहण करने वाले अभिषेक का पहला लक्ष्य अपनी छोटी बहन की उच्च शिक्षा और उसकी शादी को सुरक्षित करना है। अभिषेक खुद के लिए कार और दिल्ली-एनसीआर में अपने सपनों का घर भी खरीदना चाहते हैं। मुंबई जैसे महंगे शहर में रहते हुए मासिक बचत से अपने सभी लक्ष्यों को पूरा करना एक बड़ी चुनौती से कम नहीं है। लेकिन, अगर सपनों और जिम्मेदारियों के बीच संतुलन बनाकर लक्ष्य आधारित निवेश रणनीति अपनाई जाए, तो हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। अभिषेक अपनी बचत को सही जगह और सही अनुपात में निवेश करते हैं, तो लक्ष्यों को हासिल करना आसान ही नहीं बनेगा, बल्कि जीवन की ढलान पर भी कोई दिक्कत नहीं होगी। दिल्ली-एनसीआर में अगले 8-10 साल में घर खरीदने के लिए डाउन पेमेंट और रजिस्ट्रेशन के लिए करीब 23 लाख रुपये की जरूरत होगी। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए हर महीने 10,000 रुपये की सिप इक्विटी (फेज-1) में शुरू करें।

# Gold-Silver Price

## सोना-चांदी की कीमतों में भारी गिरावट

## सोना 1800 रुपये और चांदी 6500 रुपये टूटी



सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने और चांदी की कीमतों में बड़ी गिरावट दर्ज की गई। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और मजबूत होते अमेरिकी डॉलर के कारण वैश्विक बाजारों में हलचल मची, जिसका असर घरेलू बाजार पर भी पड़ा। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,800 रुपये (1.15 प्रतिशत) गिरकर 1,54,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई। सोमवार को सोना 1,56,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।चांदी की कीमतों में भी भारी गिरावट देखी गई। चांदी 6,500 रुपये (लगभग 3 प्रतिशत) टूटकर 2,44,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर आ गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 2,50,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।एचडीएफसी सिक्योरिटीज के कमोडिटी एनालिस्ट सौमिल गांधी ने बताया कि बढ़ती ऊर्जा कीमतों ने महंगाई की चिंता बढ़ा दी है, जिससे ब्याज दरों के तक ऊंचे रहने की उम्मीदें मजबूत हुई हैं। इसके कारण बॉन्ड यील्ड में भी बढ़ोतरी हुई है, जिससे सोने की कीमतों पर दबाव पड़ा है।इसके अलावा, अमेरिकी फेडरल रिजर्व सहित प्रमुख केंद्रीय बैंकों के फैसलों से पहले व्यापारी अपनी स्थिति कम कर रहे हैं, जिससे कीमतों पर और दबाव पड़ा है।अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट देखी गई। स्पॉट गोल्ड 95.37 डॉलर (2.04 प्रतिशत) गिरकर 4,586.50 डॉलर प्रति औंस और चांदी 2.33 डॉलर (3.09 प्रतिशत) गिरकर 73.18 डॉलर प्रति औंस पर आ गई।निवेशक अब प्रमुख अमेरिकी आर्थिक आंकड़ों पर नजर रखेंगे,जिसमें एडीपी साप्ताहिक रोजगार के आंकड़े और कॉन्फ्रेंस बोर्ड विश्वास के आंकड़े शामिल हैं।

# Share Market:

## पांच राज्यों के चुनावी नतीजों से पहले बाजार में बहार

## सेंसेक्स 800 अंक उछला, निफ्टी 24240 के पार



The Bonus Market Updates: वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव नतीजों के बीच घरेलू शेयर बाजार में शानदार उछाल दर्ज किया गया है। सेंसेक्स में 800 से अधिक अंकों की तेजी आई है और निफ्टी 24,240 के पार पहुंच गया है। बाजार के इस रुख और रुपये की स्थिति का पूरा विश्लेषण जानने के लिए यह पूरी खबर पढ़ें। वैश्विक बाजार में तेल की कीमतों में नरमी आने से हफ्ते के पहले कारोबारी दिन घरेलू शेयर बाजार में हरे निशान पर कारोबार की शुरुआत हुई। इस दौरान सेंसेक्स में 800 अंकों की तेजी आई और निफ्टी 24,240 के ऊपर पहुंच गया। बाजार की नजर सोमवार को आने वाले पांच राज्यों के विधानसभाचुनाव के नतीजों पर बनी हुई है। सुबह 9 बजकर 57 मिनट पर सेंसेक्स 803.35 (1.04%) अंकों की बढ़त के साथ 77,716.85 पर पहुंच गया। दूसरी ओर, निफ्टी 245.80 (1.02%) अंकों की बढ़त के साथ 24,243.35 पर पहुंच गया। शुरुआती कारोबार में रुपया डॉलर के मुकाबले 9 पैसे गिरकर 94.93 पर आ गया।जिसका असर आर्थिक गतिविधियों पर भी पड़ेगा।

# नौ साल का इंतजार खत्म हुआ: पेशावर जाल्मी ने दूसरी बार जीता PSL खिताब फाइनल में हैदराबाद किंग्समैन को रौंदा

पेशावर जाल्मी ने पीएसएल 2026 के फाइनल में हैदराबाद किंग्समैन को पांच विकेट से हराकर नौ साल बाद खिताब जीता। टीम की जीत में आरोन हार्डी का अहम योगदान रहा। करीब नौ साल के लंबे इंतजार के बाद पेशावर जाल्मी ने एक बार फिर पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) 2026 का खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल मुकाबले में जाल्मी ने हैदराबाद किंग्समैन को पांच विकेट से हराकर न सिर्फ दूसरी बार ट्रॉफी जीती, बल्कि अपने प्रशंसकों को एक यादगार जीत का तोहफा भी दिया। टीम ने इससे पहले 2017 में खिताब जीता था और उसके बाद लगातार कोशिशों के बावजूद ट्रॉफी से दूर रही थी। इस बार टीम ने पूरे टूर्नामेंट में संतुलित प्रदर्शन करते हुए फाइनल में भी दबदबा बनाए रखा। जाल्मी के कप्तान बाबर आजम के लिए यह जीत बेहद खास मानी जा रही है। उनकी कप्तानी में टीम ने पहली बार कोई बड़ा खिताब अपने नाम किया है। हालांकि, फाइनल मुकाबले में बाबर बिना खाता खोले ही आउट हो गए, लेकिन पूरे सीजन में उन्होंने टीम को संभालकर रखा और अहम मौकों पर जिम्मेदारी निभाई। फाइनल में पहले बल्लेबाजी करते हुए हैदराबाद किंग्समैन की शुरुआत अच्छी नहीं रही और टीम शुरुआत से ही दबाव में दिखी। लगातार विकेट गिरने के कारण टीम बड़ी साझेदारी नहीं बना सकी और 18 ओवर में 129 रन पर सिमट गई। सईम अयूब ने एक छोर संभालते हुए 54 रन की पारी खेली और टीम को संभालने की कोशिश की, जबकि कप्तान मार्नस लाबुशेन ने 20 रन का योगदान दिया। इसके अलावा बाकी बल्लेबाज कुछ खास प्रभाव नहीं छोड़ सके, जिससे



टीम बड़ा स्कोर खड़ा करने में नाकाम रही। इस मुकाबले में आरोन हार्डी ने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए मैच का रुख पूरी तरह बदल दिया। उन्होंने पहले गेंदबाजी में चार विकेट लेकर विपक्षी टीम को कम स्कोर पर रोकने में अहम भूमिका निभाई। उनके सटीक लाइन-लेंथ और विकेट लेने की क्षमता ने किंग्समैन के बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया। वहीं नाहिद राणा ने भी उनका अच्छा साथ देते हुए दो विकेट झटके और विपक्षी टीम पर दबाव बनाए रखा। 130 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जाल्मी की शुरुआत बेहद निराशाजनक रही। पहले ही ओवर में टीम ने मोहम्मद हारिस और कप्तान बाबर आजम के रूप में दो बड़े विकेट गंवा दिए, जिससे टीम पर दबाव बन गया।

शुरुआती झटकों के बाद टीम की पारी लड़खड़ा गई और एक समय स्कोर चार विकेट पर 40 हो गया था। ऐसा लग रहा था कि मैच किंग्समैन की पकड़ में जा सकता है। इसके बाद आरोन हार्डी और अब्दुल ने संयम और आक्रामकता का संतुलन दिखाते हुए मैच का रुख बदल दिया। दोनों बल्लेबाजों के बीच 85 रन की अहम साझेदारी हुई, जिसने टीम को जीत की ओर पहुंचाया। समद ने 34 गेंदों में 48 रन की तेज पारी खेली, जिसमें कई बड़े शॉट शामिल थे। वहीं, हार्डी ने अंत तक नाबाद रहते हुए 56 रन बनाए और टीम को सुरक्षित लक्ष्य तक पहुंचाया। अंत में पेशावर जाल्मी ने पांच विकेट खोकर यह लक्ष्य 28 गेंदों के शेष रहते हासिल कर लिया। इस जीत के साथ टीम ने नौ साल बाद पीएसएल ट्रॉफी जीतकर इतिहास रच दिया और अपने फैंस को जश्न मनाने का मौका दिया। इससे पहले टीम 2017 में डैरन सैमी की कप्तानी में पहला खिताब जीती थी।



# GT vs PBKS: लगातार दूसरे मैच में पंजाब को हाथ लगी निराशा
## गुजरात ने मजबूती से बढ़ाए आईपीएल प्लेऑफ की ओर कदम



गुजरात के खिलाफ पंजाब ने शानदार जीत दर्ज की। रविवार को खेले गए मुकाबले में पंजाब किंग्स ने 163 रन बनाए। जवाब में गुजरात ने 167 रन बनाकर चार विकेट से मुकाबला अपने नाम कर लिया। जेसन होल्डर की अगुवाई में गेंदबाजों के घातक प्रदर्शन के बाद साई सुदर्शन की दमदार बल्लेबाजी के बदौलत गुजरात टाइटंस ने पंजाब किंग्स के खिलाफ चार विकेट से शानदार जीत दर्ज की। रविवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरीपंजाब ने सूर्यांश शेडगे की अर्धशतकीय पारी की मदद से 20 ओवर में नौ विकेट पर 163 रन बनाए। जवाब में गुजरात ने 19.5 ओवर में छह विकेट खोकर 167 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। आईपीएल के मौजूदा सत्र में यह पंजाब की लगातार हार है। इससे पहले टीम को राजस्थान रॉयल्स ने मात दी थी। फिलहाल टीम अंक तालिका में 13 अंक और +0.855 के नेट रन रेट के साथ शीर्ष पर है। वहीं, गुजरात 10 में से छह मुकाबले जीतकर 12 अंक लेकर पांचवें पायदान पर बनी हुई है। इस जीत के साथ गुजरात प्लेऑफ की ओर मजबूती से कदम बढ़ाने में सफल रही है। अब चार टीमों के खाते में 12 अंक हो गए हैं। इनमें गुजरात के अलावा आरसीबी, हैदराबाद और राजस्थान शामिल है। शीर्ष-चार पर रहने वाली टीमें आईपीएल प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई करेंगी। 164 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात को 16 के स्कोर पर कप्तान शुभमन गिल (5) के रूप में बड़ा झटका लगा। इसके बाद साईं सुदर्शन ने जोस बटलर के साथ दूसरे विकेट के लिए 40 गेंदों में 53 रन जुटाते हुए

# SRH Vs KKR: केकेआर की हैदराबाद के खिलाफ 21वीं जीत वरुण के बाद रहाणे-रघुवंशी चमके तालिका में हुआ बदलाव?

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अपना दबदबा बरकार रखा। केकेआर ने गेंदबाजों के बाद बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन से हैदराबाद को सात विकेट से हराकर टूर्नामेंट में जीत की हैट्रिक लगाई। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने सनराइजर्स हैदराबाद को आईपीएल 2026 के मुकाबले में सात विकेट से हराया। केकेआर ने इस तरह प्लेऑफ की उम्मीदों को जीवंत रखा है। हैदराबाद ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 19 ओवर में 165 रन बनाए थे। जवाब में केकेआर के लिए अंगकृष रघुवंशी ने अर्धशतक लगाया और कप्तान रहाणे के साथ मिलकर शानदार साझेदारी की जिससे टीम ने 18.2 ओवर में तीन विकेट पर 169 रन बनाकर मैच जीता। केकेआर की यह सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 32 मैचों में 21वीं जीत है। यह आईपीएल में किसी टीम के खिलाफ केकेआर की संयुक्त रूप से दूसरी सबसे ज्यादा जीत है। केकेआर ने पंजाब किंग्स के खिलाफ भी 21 मैकिसी टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा जीत का



रिकॉर्ड मुंबई इंडियंस के नाम है जिन्होंने केकेआर के खिलाफ 25 मैच जीते हैं। लक्ष्य का पीछा करने उतरी केकेआर के लिए फिन एलेन ने 29 रन बनाए। एलेन इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर उतरे थे, लेकिन बहुत ज्यादा समय क्रीज पर नहीं बिता सके। पहला झटका लगने के बाद रहाणे और रघुवंशी ने दूसरे विकेट के लिए 84 रनों की साझेदारी की। रहाणे हालांकि, अर्धशतक पूरा नहीं कर सके और 36 गेंदों पर चार चौकों और एक छक्के की मदद से 43 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद रघुवंशी भी अपना विकेट

# IPL 2026: करोड़ों की कमाई पर फीका प्रदर्शन! छह साल से चौंका रहा ये खिलाड़ी फिर भी खरीदने को आतुर रहती टीमें

आईपीएल 2026 में एक बार फिर शाहरुख खान का नाम चर्चा में है। वजह उनका प्रदर्शन नहीं, बल्कि लगातार मिलने वाले महंगे कॉन्ट्रैक्ट हैं। पिछले छह सीजन से पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटंस जैसी टीमों ने उन पर करोड़ों रुपये खर्च किए, लेकिन आंकड़े उम्मीदों के मुताबिक नहीं रहे। 64 मैचों के करियर में सिर्फ 775 रन, औसत 20.39 और कोई शतक नहीं। 2026 सीजन में भी नौ मैचों में सिर्फ 43 रन बने हैं। इसके बावजूद टीमें अब भी उन पर भरोसा दिखाती हैं। सवाल यही है कि आखिर ऐसा क्यों? आईपीएल में हर साल कुछ खिलाड़ियों पर बोली लगती है, कुछ पर भरोसा जताया जाता है और कुछ नाम ऐसे होते हैं, जिन पर सवाल भी उठते हैं। गुजरात टाइटंस के ऑलराउंडर शाहरुख खान उन्हीं खिलाड़ियों में शामिल हैं। पिछले छह वर्षों से फ्रेंचाइजियां उन पर करोड़ों रुपये खर्च कर रही हैं, लेकिन प्रदर्शन अब तक उस कीमत के बराबर नजर नहीं आया। 2026 सीजन में भी गुजरात टाइटंस ने उन्हें चार करोड़ रुपये में अपने साथ रखा, लेकिन आंकड़े फिर निराश करने वाले हैं। यही वजह है कि सोशल मीडिया पर



भी उनके रोल और कीमत को लेकर बहस तेज है। शाहरुख खान को सबसे पहले 2021 में पंजाब किंग्स ने 5.25 करोड़ रुपये में खरीदा था। इसके बाद 2022 और 2023 में उन्हें नौ-नौ करोड़ रुपये मिले। फिर गुजरात टाइटंस ने 2024 में उन पर 7.4 करोड़ रुपये खर्च किए। 2025 और 2026 में भी चार-चार करोड़ रुपये देकर टीम ने उन्हें अपने साथ बनाए रखा। यानी छह सीजन में फ्रेंचाइजियों ने लगातार उन पर बड़ा निवेश किया। अगर करियर आंकड़ों पर नजर डालें तो शाहरुख खान ने 64 मैचों में 775 रन बनाए हैं। उनका औसत 20.39 और स्ट्राइक रेट 147.90 है। उन्होंने अब तक आईपीएल में एक भी शतक नहीं लगाया है और सिर्फ दो अर्धशतक ही दर्ज हैं। फिनिशर माने जाने वाले खिलाड़ी के लिए ये आंकड़े बहुत प्रभावशाली नहीं माने जाते। गुजरात को भी नौ मैच बाद जाकर होश आया और उसने अपने 10वें मैच में जाकर निशांत संधू को खिलाया जो बढ़िया ऑलराउंडर माने जाते हैं। आईपीएल 2026 में शाहरुख खान ने नौ मैच खेले हैं। इस दौरान उन्होंने सिर्फ 43 रन बनाए हैं। उनका औसत 10.75 और स्ट्राइक रेट 130.30 रहा है। सबसे बड़ा स्कोर सिर्फ 17 रन है। इस सीजन में उनके बल्ले से कोई बड़ी पारी तो दूर, एक भी फिफ्टी नहीं निकली। टीम जब फिनिशिंग की उम्मीद करती है, तब आंकड़े उम्मीद से काफी नीचे दिखते हैं। हाल के मुकाबलों में भी शाहरुख खान प्रभाव नहीं छोड़ सके। गुजरात के नौ मैचों में से चार मैचों में तो उन्हें बल्लेबाजी का मौका भी नहीं मिला, जो यह भी दिखाता है

# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91 7088120612
















